खरीद कार्य में कोताही पाने पर होगी सख्त कार्रवाई : डीसी प्रशांत पंवार

आगामी गेहूं खरीद सीजन में मंडियों में होनी चाहिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं

- डीसी प्रशांत पंवार ने रबी सीजन के प्रबंधों की ली समीक्षा बैठक
- किसानों को नहीं आनी चाहिए किसी भी प्रकार की परेशानी

जगमार्ग न्यूज

करनाल। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि आगामी गेहूं खरीद सीजन में जिला की सभी मंडियों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें।

किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। खरीद कार्य में कोताही बरतने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गेहूं उठान का कार्य तय समय सीमा में किया जाए। सभी वाहनों में जीपीएस की व्यवस्था होनी चाहिए। डीसी प्रशांत पंवार सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में रबी सीजन के प्रबंधों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।

डीसी ने खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक को निर्देश दिए कि गेहूं खरीद को लेकर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए, ताकि आने वाली शिकायतों का समय पर समाधान हो सके। संबंधित अधिकारी सभी मंडियों, खरीद केंद्रों व सब यार्ड में गेहूं खरीद कार्य की तैयारियों में कोई कमी रह गई है तो वह भी जल्द पूरी करवाएं। संबंधित एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में मंडियों व खरीद केंद्रों का दौरा करें और कोई भी समस्या आती है तो उसका निपटान करवाएं।

उन्होंने कहा कि किसान व मजदूर को पूरी सुविधा मिलनी चाहिए। मंडियों व खरीद केंद्रों में पीने के पानी, बिजली की व्यवस्था, झरने, तिरपालों आदि की समूचित व्यवस्था होनी चाहिए। प्रत्येक स्थान पर नमी मापक मीटर पर्याप्त मात्रा में होने चाहिए। सभी खरीद एजैंसियां प्रतिदिन खरीद व उठान की रिपोर्ट जमा करवाना सुनिश्चित करें। अधिकारी इस पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने मार्किटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों के साथ लगती सभी सड़कों को दुरूस्त करवाया जाए, ताकि किसानों को आवागमन में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आए। उन्होंने निर्देश दिए कि साईलो में होने वाले खरीद कार्य में सभी व्यवस्था समूचित होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। समय पर किसानों को टोकन इत्यादि व्यवस्था मिलनी चाहिए। सभी गेट पर सीसीटीवी कैमरें हो।

इस अवसर पर एडीसी सी.जय. श्रद्धा, डीएमसी सुशील कुमार, एसडीएम ब्रह्म प्रकाश, कृष्ण कुमार, सत्यवान सिंह मान, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, आरटीए गिरिश कुमार, डीडीपीओ कंवर दमन, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक निशांत राठी, सभी खरीद एजैंसियों के अधिकारी व मार्किट सचिव मौजूद रहे।

पुलिस प्रशासन व आरएएफ ने कैथल के विभिन्न क्षेत्रों में किया फ्लैग मार्च व मार्चपास्ट

जगमार्ग न्यूज

कैथल। पुलिस प्रशासन द्वारा सोमवार को आरएएफ के साथ मिलकर थाना सदर अंतर्गत क्षेत्र के गांव धनौरी, बरटा, पाडला, बाबा लदाना व मानस गांव में फ्लैग मार्च निकाला गया।

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन व स्थानीय पुलिस पूरी तरह सजगता के साथ कार्य कर रही है, जिसके तहत लोगों को निर्भीक होकर स्वेच्छानुसार बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए कहा जा रहा है। चुनाव को भय रहित वातावरण में निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए आम जनता को अधिकाधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। एसपी उपासना ने बताया कि फ्लैग मार्च के दौरान नागरिकों को संदेश दिया गया कि किसी भी व्यक्ति को कानून-व्यवस्था व शांति भंग करने की किसी सूरत में इजाजत नहीं दी जाएगी। पुलिस द्वारा नागरिकों को जागरूक किया गया कि वे झूठी अफवाहों पर ध्यान ना दे, निर्भीक होकर अपना मतदान करे। फ्लैग मार्च का उद्देश्य पुलिस की उपस्थिति दिखाकर महिलाओं तथा आम लोगों विशेषकर कमजोर वर्गों मध्य सुरक्षा की भावना पैदा करने सहित कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना शामिल है। इस प्रकार के अभियान ना सिर्फ अपराधी तत्वों में भय पैदा करते है, बल्कि आमजन में सुरक्षा की भावना व पुलिस के प्रति विश्वास कायम करने में भी कारगर सिद्ध होते है। फ्लैग मार्च दौरान थाना शहर प्रबंधक इंस्पेक्टर रोहताश, आरएएफ के जवान व लोकल पुलिस के जवान शामिल रहे। एसपी ने कहा कि यह फ्लैग मार्च पुलिस विभाग द्वारा प्रत्येक गांव में निकाला जा रहा है।

न्यूज डायरी

देवीदयाल बरसाना सीएम नायब से मिले

पूंडरी, (जगमार्ग न्यूज)। भाजपा करोड़ा मंडल के अध्यक्ष देवीदयाल बरसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का चहुमुखी विकास होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ में शिष्टाचार भेंट करने के बाद पूंडरी अनाज मंडी में कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रहे थे। देवीदयाल ने कहा कि उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश में राजनीतिक परिवर्तन आया है। इस मौके पर काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

सभी राजनीतिक दल करें चुनाव आयोग की हिदायतों का पालन : डीसी प्रशांत पंवार

कैथल, (जगमार्ग न्यूज)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकसभा की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। सभी राजनीतिक दल चुनाव आयोग की हिदायतों का दृढ़ता से पालन करें। लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार लघु सचिवालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वे आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। इस दौरान कोई भी उम्मीदवार या पार्टी चुनाव प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा या अन्य पूजा स्थलों का इस्तेमाल नहीं कर सकता। प्रशासनिक अनुमति पर केवल जिला में निर्धारित स्थानों पर ही प्रचार सामग्री का प्रयोग किया जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा है कि प्रशासनिक अनुमति लेकर प्रचार-प्रसार के लिए वाहन का प्रयोग करें। इसके साथ-साथ प्रचार के दौरान अपने भाषण में जाति-धर्म विशेष और असभ्य भाषा का प्रयोग न करें। मर्यादित ढंग से अपना चुनावी प्रचार करें। किसी भी चुनावी रैली या जनसभा के लिए प्रशासनिक अनुमति जरूर लें।

लाला चांदी राम की याद में पूंडरी गौशाला में चारे के लिए दिए 5 लाख रुपए

पूंडरी, (जगमार्ग न्यूज)। श्री जयराम आदर्श गौशाला पूंडरी में प्रबंधक कमेटी के सदस्यों व शहर के गणमान्य लोगों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रधान ओमप्रकाश गोलन ने की। जिसमें गेहूं के सीजन को देखते हुए गौवंश के लिए सूखा चारा भूसा एकत्रित करना और अन्य समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर गौशाला कमेटी के सदस्य रहे स्व. लाला चांदी राम की याद में उनके परिवार के सदस्यों कृष्ण उर्फ काका गोयल, राजेश गोयल, मोनी गोयल व हर्ष गोयल ने 5 लाख रुपए का चेक और 7 एकड़ जमीन का ठेका गौशाला में चारे के लिए भेंट किया। प्रधान ओमप्रकाश ने गोयल परिवार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पूंडरी गौशाला में इस समय लगभग 2500 गौवंश का संरक्षण हो रहा है। गौशाला के पास अपनी कोई खेत की जमीन आदि व इनकम को कोई साधन नहीं है। गौशाला में सभी खर्च दान के पैसों से चलता है। गेहूं और दान के सीजन में प्रबंधक कमेटी के सदस्यों द्वारा पूंडरी-फतेहपुर व आसपास के गांवों से भूसा व पराली दान स्वरूप एकत्रित की जाती है। जिससे वर्षभर गौवंश का पेट भरा जाता है। हरे चारे के लिए गौशाला हर वर्ष खेत ठेके पर लेकर चारे का प्रबंध करती है। इस मौके पर रमेश गोलन, गोगी प्रधान, धर्मपाल गर्ग, भगवान दास, विनोद बंसल, रोशन सैनी, डा. महेंद्र पाल व चमेल सिंह बरसाना भी मौजूद थे।

कन्या महाविद्यालय में एनएसएस ने एक दिवसीय शिविर का आयोजन

पूंडरी, (जगमार्ग न्यूज)। चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में एनएसएस इकाई के द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर महाविद्यालय प्राचार्या डॉक्टर मधुबाला चोपड़ा के नेतृत्व में लगाया गया। शिविर का शुभारंभ प्रात कालीन प्रार्थना के साथ हुआ। उसके पश्चात स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय के परिसर की साफ-सफाई की। कॉलेज परिसर में स्वयं सेविकाओं के सहयोग से पौधारोपण भी किया गया। प्राचार्या ने अपने संबोधन में स्वयं सेविकाओं को एनएसएस के लक्ष्य तथा उद्देश्यों से अवगत करवाया। उन्हें पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलाई और अधिक से अधिक प्रतिभागिता के लिए प्रेरित किया। एनएसएस अधिकारी डॉक्टर सोनिया दहिया ने बताया कि इस अवसर पर सफाई अभियान पौधारोपण के साथ-साथ पॉट मेकिंग व बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। इस अवसर पर डॉक्टर वंदना, किरण जोत, डॉक्टर रीना गोरा, रीना देवी भी उपस्थित थी।

विश्वविद्यालय प्रशासन कर्मचारियों के हितों के लिए रहता है हमेशा प्रयासरत : प्रो.शमीम

कैथल, (जगमार्ग न्यूज)। एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल में विश्वविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ एक सद्भावना मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. (डॉ.) शमीम अहमद ने शिरकत की और और विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के साथ में विचार साझा किये। इस अवसर पर अपने संबोधन में कुलपति महोदय ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार कर्मचारियों के हितों को लेकर गंभीर है और विश्वविद्यालय प्रशासन का यही प्रयास रहता है कि कर्मचारियों की जो भी समस्या है उसका निदान तुरंत प्रभाव से किया जाए। उन्होंने कर्मचारियों को आह्वान करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में हम सभी एक परिवार है और सभी कर्मचारी एक टीम का हिस्सा है इसलिए सभी को एकजुट होकर विश्वविद्यालय की प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर लगभग 12 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उनकी अच्छी सेवाओं को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया और सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को निशुल्क वर्दी वितरित की गई। इस अवसर पर मंच संचालन डीन ऑफ़ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डॉ. रेखा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ.राजीव दहिया, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मनोज कुमार, डॉ. दीपक कुमार फार्मेसी एवं विश्वविद्यालय के सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनसीसी करती है युवाओं में देश प्रेम की भावना जागृत : डॉ. रामपाल सैनी

करनाल, (जगमार्ग न्यूज)। डीएवी पीजी कॉलेज के एनसीसी विभाग के तत्वाधान में आज फाइनल ईयर कैडेट्स को एनसीसी के उच्च रैंक से सम्मानित किया गया। जिनमें कैडेट प्रेरणा को सीनियर अंडर ऑफिसर रैंक दिया गया। कैडेट गरिमा और कैडेट राहुल को अंडर ऑफिसर रैंक दिया गया और कैडेट वासुदेव को सार्जेंट रैंक दिया गया। सीनियर अंडर ऑफिसर प्रेरणा ने एनसीसी में विभिन्न कैंप लगे जिनमें से उन्होंने सीएटीसी-1 कैंप करनाल में, डीएसीटी-1 कैंप यमुनानगर में, डीएसीटी-2 कैंप यमुनानगर में और आईजीसी कैंप रोप पंजाब में लगाएं। अंडर ऑफिसर गरिमा ने सीएटीसी-2 कैंप करनाल में कैंप लगाया। अंडर ऑफिसर राहुल ने सीएटीसी-1 कैंप करनाल में, आर्मी अटैचमेंट कैंप अंबाला में और ईबीईएस-2 कैंप रूपनगर, पंजाब में लगाया। सार्जेंट वासुदेव ने सीएटीसी-1 कैंप करनाल में लगाया। इन कैडेट्स की बेहतरीन परेड और एनसीसी में इनकी मेहनत की बदौलत रैंक प्राप्त किए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि एनसीसी से विद्यार्थियों के अंदर देशभक्ति की भावना का जज्बा पैदा होता है। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं को अपने देश के प्रति समर्पित भाव से काम करना चाहिए। डॉ. आरपी सैनी ने कहा कि एनसीसी लेने वाले विद्यार्थी अपने कार्यो को अनुशासित होकर लगन और निष्ठा के साथ करते हैं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने एनसीसी कैडेस को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस उपलब्धि पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. बलराम शर्मा और डॉ. विपिन नेटवट को कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिस समर्पण और लगन से आप विद्यार्थियों को तराश रहे हो वह काबिलेतारीफ है।



106 छात्राओं ने द शाहबाद कोऑपरेटिव शुगर मिल का औद्योगिक भ्रमण किया

जगमार्ग न्यूज

कैथल। इंदिरा गांधी (पीजी) महिला महाविद्यालय, कैथल के वाणिज्य और विज्ञान विभाग द्वारा द शाहबाद कोऑपरेटिव शुगर मिल, शाहबाद में औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें वाणिज्य और विज्ञान विभाग की 106 इच्छुक छात्राओं ने भाग लिया। इस यात्रा का उद्देश्य छात्राओं को चीनी निर्माण में शामिल प्रक्रियाओं और चीनी मिल के समग्र संचालन के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। चीफ इंजीनियर, देवेंद्र पहल वर्कशॉप इंजीनियर, विनोद कंजारिया इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, अजय शर्मा व चीफ केमिस्ट, विनीत तोमर ने छात्राओं को चीनी मिल की उत्पादन प्रक्रिया को समझने में मदद की। इसमें मिल के मैनेजिंग डायरेक्टर, राजीव प्रसाद ने बच्चों के साथ चीनी मिल के उत्पादन से जुड़ी तकनीक को सांझा किया और सिविल सर्विसेज के लिए छात्राओं को प्रेरित किया साथ ही सामान्य अध्ययन से जुड़े प्रश्नों को पूछ कर प्रश्नों के उत्तर देने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। छात्राओं का महाविद्यालय परिसर में पहुंचने पर प्रबंधक समिति प्रधान, रामबहादुर खुरानिया, प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग एवं सायंकालीन प्राचार्या प्रभारी श्वेता तंवर ने सभी प्राध्यापिकाओं एवं छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधान ने कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक दौरों से छात्राओं को प्रैक्टिकल जानकारी मिलती है व उनका सर्वांगीण विकास होता है साथ ही उन्होंने मिल के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव प्रसाद जी के सहयोग की भी अत्यंत सराहना की व कहा कि यह उनके सहयोग से ही संभव हो पाया है ।

लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिलाधीश ने लागू की धारा 144

कैथल, (जगमार्ग न्यूज)। जिलाधीश प्रशांत पंवार ने लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण से सम्पन्न करवाने के दृष्टिगत जिला में धारा 144 लागू की है। जारी आदेशों में कहा गया है कि सार्वजनिक स्थानों पर कोई भी व्यक्ति अस्त्र-शस्त्र, तलवार, भाला, गंडासा, चाकू, छुरी, लाठी व अन्य आगन्य हथियार लेकर नहीं चल सकता। ये आदेश आगामी 6 जून तक प्रभावी रहेंगे। ये आदेश ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय संस्कृति के आधारभूत तत्वों का संस्कार प्रगाढ़ करने में भारत विकास परिषद जैसे राष्ट्रवादी संगठनों की अहम भूमिका: डॉ. विरेंद्र

जगमार्ग न्यूज

निसिंग। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और ग्रामोदय अभियान के संयोजक डॉक्टर विरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि नयी पीढ़ी में भारतीय संस्कृति के आधारभूत तत्वों का संस्कार प्रगाढ़ करने में भारत विकास परिषद जैसे राष्ट्रवादी संगठनों की अहम भूमिका हो सकती है।

डॉ. चौहान निसिंग में स्थापित भारत भारत विकास परिषद की नई इकाई के दायित्व ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रबुद्ध लोगों को संबोधित कर रहे थे। भाजपा नेता डॉ. चौहान ने कहा कि अपनी बोली, अपनी भाषा, अपना वेश और हमारे महान पूर्वजों द्वारा स्थापित किए गए आदर्शों और जीवन मूल्यों की रक्षा और नई पीढ़ी में उनके प्रति गौरव का संचार समाज और सरकार दोनों का साझा दायित्व है। उन्होंने बताया कि भारत विकास परिषद की स्थापना 1963 में स्वामी विवेकानंद की जन्म शताब्दी के अवसर पर हुई थी । देश और समाज की सेवा में रुचि रखने वाले प्रबुद्ध नागरिकों का यह संगठन आज देश भर में भारत को स्वस्थ, संस्कारवान और समर्थ भारत बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहा है।

वीरेंद्र सिंह चौहान ने भारत विकास परिषद की नई इकाई की महिला सदस्यों को संबोधित करते हुए आग्रह किया कि नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं को दिया गया 50 प्रतिशत आरक्षण आपकी शाखा में भी नजर आए।

भारत विकास परिषद निसिंग शाखा के संरक्षक सुशील सिंगला जी ने नए दायित्ववान कार्यकर्ताओं को अपने ओजश्वी उद्बोधन से समाज मे भारत विकास परिषद की निसिंग शाखा के बैनर तले सेवा, समर्पण, सहयोग, संस्कार और संस्कृति जो परिषद का ध्येय है, उसे पूरा करे।

इस मौके पर संरक्षक दीपक गोयल, प्रधान कैलाश सिंगला, तीनों उपप्रधान गौरव मंगला, मुकेश सिंगला, नीटू (लक्की), सचिव डॉ. राधे श्याम गुप्ता, कोषाध्यक्ष राधेश्याम बंसल, संयोजिका सुनीता गोयल, पूजा गर्ग, निसिंग राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान राजेश गोयल, भाजपा नेता पार्षद सतीश गोयल, प्रवीन जिंदल, उग्र गोयल, मनोज गर्ग व नवीन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रतियोगिता खिलाड़ियों व आमजन को नशा न करने बारे किया जागरुक

कैथल, (जगमार्ग न्यूज)। नशे से आजादी मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत नशा जागरूकता टीम में शामिल एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा गांव कांगथली में कबड्डी प्रतियोगिता दौरान खिलाड़ियों व ग्रामीणों को तथा आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया की इस दौरान एचसी सुनील कुमार द्वारा बताया गया की खेल व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है। कोई भी खेल हमें शारीरिक, मानसिक रूप से मजबूत बनाता है तथा नशा जैसी बुराई से हमें बचाता है। अगर आज युवा वर्ग का सबसे बडा शत्रु है तो वह नशा है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से राजकीय महाविद्यालय में हेल्थ चेकअप व जागरुकता कैंप का आयोजन

जगमार्ग न्यूज

असंध। बाबा फतेह सिंह जी राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में नैशनल सर्विस स्कीम(एनएसएस यूनिट) के द्वारा जो सात दिवसीय शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, उसके अंतर्गत सोमवार को स्वास्थ्य विभाग असंध की ओर से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी असंध डॉ. सुबे सिंह के आदेशानुसार एनएसएस वालंटियरस के लिए हैल्थ चैकअप व जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार ने की। इस कार्यक्रम में डॉ. सुनील कुमार डेंटल सर्जन असंध ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को दांतों की देखरेख के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी व तम्बाकु, गुटखा, पान-मसाला, बिड़ी, सिगरेट आदि से बचने के लिए समझाया ताकि दांत स्वस्थ रह सके। इस मौके पर डॉ. सुधांसु वत्स ने विधार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न उपायों के बारे में जागरूक किया। शिविर में आईसीटीसी कांउसलर रंगी राम वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स / टीबी के कारण, लक्षण व बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया। किशोरावस्था काउंसलर एकता मलिक ने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. संजीव कुमार, हिना, अमृत कौर व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

लाइसेंस धारक जल्द जमा करवाएं अपना हथियार

कैथल, (जगमार्ग न्यूज)। जिलाधीश प्रशांत पंवार ने कहा कि चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है, इसलिए सभी शस्त्र लाइसेंस धारक अपने शस्त्र अपने नजदीकी थाना या किसी भी वैध शस्त्र विक्रेता के पास जमा करवाएं और उसकी रसीद भी प्राप्त करें। उन्होंने सभी एसडीएम, डीएसपी तथा संबंधित थाना प्रबंधकों को निर्देश जारी किए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आने वाले सभी लाइसेंस धारकों के शस्त्रों को जमा करवाना सुनिश्चित करवाएं, ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्वक ढ़ंग से सम्पन्न हो सके।

आंखों का नि:शुल्क शिविर आयोजित

रोहताश वर्मा

असंध, (जगमार्ग न्यूज)। गांव बल्ला में सोमवार को आई केयर हॉस्पिटल व इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन आईसीएस एकेडमी के प्रांगण में किया गया इस शिविर में 260 मरीज ने अपनी आंखों की जांच कराई।

शिविर में नेत्र जांच करने आए सभी मरीजों को निशुल्क दवाई व चश्मे बांटे गए। जिसमें 31 मरीजों को जांच के बाद मोतियाबिंद पाया गया। जिन मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया उन्हें आई केयर हॉस्पिटल नोएडा ले जाकर निशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। आईसीएस एकेडमी के संचालक सुनील मान ने आंखों को शरीर का अभिन्न व अति महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि आंखों का विशेष ध्यान रखें तथा समय-समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर से जांच कराते रहें। क्योंकि आंखों के बिना जीना दुभर हो जाता है।

सुनील मान ने बताया कि 20 मार्च को इन सभी लोगों का बीपी व शुगर कि जांच के बाद अस्पताल कि एम्बुलेंस से नोएडा मे स्थित आई केयर हॉस्पिटल ले जाकर सभी का ऑपरेशन इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के सोजन्य से बिलकुल निःशुल्क करवाया जाएगा और उसके बाद वापिस अस्पताल कि एम्बुलेंस से गांव में पहुंचा दिया जाएगा। सुनील मान बताया कि लोगों की भीड़ को मध्य नजर रखते हुए आई केयर हॉस्पिटल की टीम अप्रैल माह में एक बार फिर निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाए जाने का निर्णय लिया है।

हर घर कांग्रेस के तहत को महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया संबोधित

जगमार्ग न्यूज

इंद्री। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष एवं गत विधानसभा चुनावों में इन्द्री हलके से कांग्रेस प्रत्याशी रही नवजोत कश्यप ने कहा कि जब देश की जनता सरकार बदलने का मन बना चुकी है। तब भाजपा ने हरियाणा में मुख्यमंत्री का चेहरा बदलने की कवायद करके लोगों को गुमराह करने की कोशिश की है। वे उपमंडल के एक गांव घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत संबोधित कर रही थी। नवजोत कश्यप ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार ने सिवाय भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई बढ़ाने के जनता के लिए कुछ भी नहीं किया। लोगों को जुमलेबाजी की सरकार नहीं चाहिए, लोगों को जनहितैषी सरकार चाहिए। चुनावों के नजदीक आते ही लोगों का ध्यान अपनी सरकार की जनविरोधी कारगुजारियों से हटाने के लिए जजपा के साथ गठबंधन समाप्त कर दिया गया और सीएम का चेहरा बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि अब तीर कमाल से निकल चुका है। उन्होंने कहा कि जब-जब जनता के विभिन्न वर्गों ने आवाज उठाने की कोशिश की, सरकार ने तानाशाही का परिचय देते हुए लाठीचार्ज और आंसूगैस का प्रयोग किया। सीबीआई, सीआईडी, ईडी, पुलिस व विभिन्न सरकारी संस्थाओं का प्रयोग लोगों की आवाज को बंद करने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि ग्राम सरपंच, किसान, मजदूर, कर्मचारी सहित सभी वर्गों पर सरकार ने समय-समय पर लाठीचार्ज किया।

तैयारियां | जिला प्रशासन ने लोकसभा आम चुनाव को लेकर सभी तैयारियां की पूरी

85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाता घर पर ही कर पाएंगे मतदान: डीसी

- 25 मई को मतदान होगा व 4 जून 2024 को मतगणना होगी

जगमार्ग न्यूज

कैथल। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा आम चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न कराने और आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना के लिये वचनबद्ध है। मीडिया भी इस महापर्व के दौरान अपनी सकारात्मक भूमिका का निर्वहन करें।

डीसी प्रशांत पंवार लघु सचिवालय स्थित सभागार में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत प्रेसवार्ता के दौरान बोल रहे थे। डीसी ने कहा कि चुनाव की घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और इसकी अधिसूचना 29 अप्रैल 2024 हो जाएगी। चुनावी प्रक्रिया के तहत 6 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे।

नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल 7 मई को की जाएगी तथा उम्मीदवारों के लिए नामांकन पत्र वापिस लेने की अंतिम तिथि 9 मई रहेगी। उन्होंने बताया कि 25 मई को मतदान होगा तथा 4 जून 2024 को मतगणना होगी। आगामी 6 जून 2024 चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने की तिथि है। उन्होंने कहा कि कैथल जिला में 4 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें कैथल, पूंडरी, कलायत और गुहला शामिल हैं। इन सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 8 लाख 11 हजार 623 मतदाता हैं, जिनमें 4 लाख 27 हजार 914 पुरूष तथा 3 लाख 83 हजार 698 महिला मतदाता, 11 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल है। इन मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला में कुल 807 मतदान केंद्र बनाए गए है, जिनमें 96 पोलिंग बूथ संवेदनशील, 6 पोलिंग बूथ अति संवेदनशील श्रेणी में आते हैं।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर पीने का पानी, सुलभ शौचालय, रैंप इत्यादि की व्यवस्था की गई है। मीडिया के सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं से घर पर ही मतदान करने के लिए चुनाव कार्यालय की ओर से फार्म भरवाए जाएंगे, उनकी सहमति देने के उपरांत ही मतदान की व्यवस्था के लिए टीम का गठन किया जाएगा। प्रशासन द्वारा फ्री व फेयर चुनाव करवाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है।

कहीं पर भी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिली तो तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके लिए फ्लाईग स्क्वायड व सर्विलेंस टीम भी एक्टिव कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी खर्च पर भी कड़ी नजर रहेगी, इतना ही नहीं बैंकों से होने वाले लेन-देन पर भी निगरानी रखी जाएगी। जिला मुख्यालय पर एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा। इस कंट्रोल रूम में टोल फ्री नंबर 1950 एक्टिव रहेगा।